लोक सभा अध्यक्ष ने रामनवमी की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

...

नई दिल्ली; 29 मार्च, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने रामनवमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"रामनवमी के पावन अवसर पर, मैं सभी को हार्दिक बधाई देता हूं। राम नवमी सम्पूर्ण विश्व में मनाए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है। यह भगवान राम की जयंती का प्रतीक है और धार्मिकता, साहस और करुणा जैसे गुणों को आत्मसात करते हुए अपने दैनिक जीवन में भगवान राम की शिक्षाओं का अनुकरण करने का दिन है।

इस वर्ष हम सब भगवान राम की सत्य, न्याय और धर्म के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और कर्तव्य के प्रति उनकी अटूट भक्ति को याद करें। आइए हम भी उनकी अडिग आस्था और भक्ति से प्रेरणा लें। प्रभु श्री राम का जीवन हम सब के लिए आदर्श है। सत्य, प्रेम और करुणा के साथ वे असत्य और अत्याचार का अडिग रहकर सामना करना सिखाते हैं।

प्रभु श्री राम की कृपा से हम सभी का कल्याण हो। देश उन्नति और प्रगति के नए सोपान अर्जित करे, यही कामना है। भगवान श्री राम का आशीर्वाद सभी के लिए शांति, समृद्धि और खुशियां लेकर आए।"